कृषि विकास दर

*425. **श्री रणजीत सिंह :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि की वार्षिक विकास दर लगभग 3.6 प्रतिशत रही है ;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए प्रस्तावित वार्षिक विकास दर क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि 2000 ईस्वी तक खाद्यान्न आवश्यकता 250 मिलियन टन हो जाने की संभावना है और यदि हां, तो क्या सरकार विकास दर बढ़ाने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) जी, हां ।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्तावों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

(ग) और (घ) योजना आयोग द्वारा सातवीं योजना से जुड़े कार्य के एक अंग के रूप में तैयार किए गए कृषि-संदर्श में सन 2000 ईस्वी तक लगभग 740 मिलियन मीटरी टन खाद्यानों की आवश्यकता का पूर्वानुमान लगाया गया था । खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि; फसल उत्पादन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के और अधिक विस्तार, अधिक सिंचित क्षेत्रों में खाद्यान्न उगाकर और उरवकों के संतुलित उपयोग द्वारा की जाएगी ।

गेहूं के मूल्य में भारी वृद्धि

@*429. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

श्री रणजीत सिंह :

क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के खुले बाजार में गेहूं का थोक मूल्य चार रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मूल्य कम करने के लिए सरकार ने भारतीय खाद्य निगम को दिसम्बर, 1991 में खुले बाजार में गेहूं की अतिरिक्त मात्रा बेचे जाने का निदेश दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो दिसम्बर, 1991 में बाजार में कम मूल्य पर अतिरिक्त गेहूं बेचे जाने हेतु निगम को निदेश दिए जाने के क्या कारण हैं, जबकि गेहूं का भाव बाजार में ही बढ चुका था ;

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) दिल्ली में अगस्त, 1991 से नवम्बर, 1991 तक की अवधि के दौरान गेहूं के थोक मूल्य 340/- रु० और 390/- रुपए प्रति क्विंटल के बीच की रेंज में हैं । 11-12-91 को यह मूल्य 380- रुपए प्रति क्विंटल था ।

(ख) जी, हां ।

(ग) मूल्यों को नियंत्रण करने के लिए खुले बाजार में स्वस्थ्य प्रभाव डालने के लिए सरकार अक्टूबर, 1991 से खुले बाजार में बिक्री करने की अनुमति प्रदान कर रही है ।

@पूर्वत: तारांकित प्रश्न 309; 12 दिसम्बर, 1991 से स्थानांतरित ।